Regarding need of Vande Bharat train between Nagpur and Mumbai

श्री अनूप संजय धोत्रे **(अकोला) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यशस्वी पंत प्रधान माननीय मोदी जी का धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने मेरे अकोला रेलवे स्टेशन और मुर्तजापुर रेलवे स्टेशन को चार सौ करोड़ रुपये ? अमृत भारत? योजना के अंतर्गत दिए है जिसके माध्यम से एक अच्छा मॉडर्न स्टेशन का काम हो सकेगा, जिसमें शॉपिंग मॉल एवं अन्य सुविधाएं स्टेशन पर दी जा रही हैं । आपके माध्यम से मैं माननीय रेलवे मंत्री जी से विनती करता हूँ कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई एवं उप-राजधानी नागपुर के बीच वंदे भारत रेलवे सेवा शुरू की जाए । इस रूट पर महाराष्ट्र का दैवत, संत गजानन महाराज का मंदिर आता है, एक स्टेशन इस रूट पर आता है ।

साथ ही साथ, सर्विस सैक्टर के लिए नागपुर, अकोला, भुसावल, नासिक एवं मुंबई लोग यात्रा करते हैं । वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से एक अच्छी कनेक्टिविटी मिलेगी । साथ ही साथ, जॉब सैक्टर वालों के परिवार इस रूट पर यात्रा करते हैं । बड़ी मंडियां जो मुंबई और नासिक में हैं, यहां पर माल बेचने के लिए किसान रेलवे यात्रा करता है, इससे यात्री को एक अच्छी मदद मिलेगी । साथ ही साथ, इस रूट पर बड़ी-बड़ी शिक्षण संस्थाएं हैं, जहां पर विद्यार्थी शिक्षा लेते हैं । मैं आपके माध्यम से माननीय रेलवे मंत्री जी से विनती करूंगा कि इस रूट पर जल्द से जल्द वंदे भारत रेल शुरू की जाए। मुझे बताया गया है कि इस रूट पर कंजेशन की बड़ी समस्या है । इस समस्या को भी दूर करते हुए, रेलवे की ट्रिप्लिंग का काम जल्द से जल्द कर के वंदे भारत यहां पर शुरू की जाए, यह मेरी रिक्वेस्ट है ।